मिसिल संख्या -18/1/2019-C-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

महत्वपूर्ण सूचना

विषय:- संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2019 के माध्यम से आईए एंड ए विभाग (कैग के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना।

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2019 के माध्यम से आईए एंड ए विभाग (कैग के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों / कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की योग्यता सह राज्य वरीयता के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना की एक प्रति संलग्न है।

अवर सचिव (गो-1/1)

दिनांक 26.4.2022

<u>आवश्यक सूचना</u>

विषय: भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी एवं संभागीय लेखाकार के रिक्त पदों को भरने हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2019 के माध्यम से चुने गये अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी।

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2019 के माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी एवं संभागीय लेखाकार के पदों पर चयनित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं संभागीय लेखाकार के पदों पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों /कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट/रैंक तथा राज्य वरीयता के आधार पर किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (<u>www.cag.gov.in</u>) पर उपलब्ध है। इस विभाग में नामित सभी अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना देखें एवं अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिक एवं सत्यापन फॉर्म सम्बंधित वांछित जानकारी (<u>http://cag.delhi.nic.in/statechoice</u>) पर भरें। **ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 02 मई से प्रारंभ होगी तथा 30 मई तक जारी रहेगी।**

******